# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 05.11.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ", अमर उजाला, हिन्दुस्तान, आज, न्यायाधीश, परफेक्ट मिशन, तरुणमित्र न्यूज़," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

## उमर उजाला–दि0 05.11.2024

### दो कर्मचारियों के निधन पर वीडीए में शोकसभा

**वाराणसी।** दो कर्मचारियों के आकस्मिक निधन पर सोमवार को वीडीए में शोकसभा हुई। इसमें कृष्ण कुमार राव और सुनील कुमार पांडेय की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने मृत कर्मचारियों के आर्थिक मदद के संबंध में प्रभारी अधिकारी अधिष्ठान को निर्देशित किया। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान–दि0 05.11.2024

### सुनियोजित विकास को जोनल प्लान

**04** -चार हजार वर्ग किमी क्षेत्र का बनेगा प्लान

**06** से आठ माह में योजना निर्माण का है लक्ष्य

- पहले चरण में हरहुआ और बाबतपुर के क्षेत्र होंगे शामिल
- मास्टर प्लान के मानकों पर बिंदुवार तैयार होगी कार्ययोजना

**वाराणसी, हिटी।** वीडीए सीमा में शामिल हुए नए क्षेत्रों और आसपास के इलाकों के सुनियोजित विकास के लिए प्राधिकरण जोनल प्लान बनाने जा रहा है। पहले चरण में हरहुआ, बाबतपुर और आसपास के इलाकों का प्लान बनेगा। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से कार्ययोजना बनाई जाएगी। ताकि अनियोजित शहरीकरण को रोका जा सके और इसके साथ इन इलाकों में सुविधाएं भी सुचारु रूप से मिलें।

गौरतलब है कि विकास प्राधिकरण के अंतर्गत शहरीकरण के लिए तीन श्रेणियों में नियोजन की व्यवस्था है। महायोजना 2031 में सड़कों की चौड़ाई, भूमि की प्रकृति और आबादी के लिहाज से किसी भी निर्माण की अनुमति दी जाती है। निर्माण किस तरह होगा इसके लिए लैंड यूज (भू-उपयोग) तय होता है। भवन की ऊंचाई कितनी होगी इसके लिए एफएआर (फ्लोर एरिया रेशियो) और जमीन के पास की सड़क की चौड़ाई तय करती है। लेकिन मास्टर प्लान में कई बिंदुओं की व्याख्या स्पष्ट नहीं होने से धरातल पर कम चौड़ी सड़कों पर ऊंची इमारतों और आबादी वाले इलाकों में व्यावसायिक निर्माण कर शहर की भौगोलिक और मूलभूत सुविधाएं ध्वस्त की जाती है।

इससे सबक लेते हुए प्राधिकरण ने सीमा क्षेत्र के इलाकों में जोनल प्लान बनाने का निर्णय लिया है। जोनल प्लान में मास्टर प्लान में दिये मानकों की विस्तृत व्याख्या के साथ ही चिह्नित, सड़कों की चौड़ाई का सीमा निर्धारण, व्यावसायिक जमीनों का चिह्नांकन, स्कूल, अस्पताल, एसटीपी, हरियाली क्षेत्र, पार्क आदि का स्पष्ट निर्धारण किया जाएगा। इससे उक्त जमीन पर किसी अन्य निर्माण की व्यवस्था किसी हाल में न हो पाए।

वीडीए के नगर नियोजक प्रभात कुमार ने बताया कि पहले चरण में हरहुआ से बाबतपुर और हरहुआ से राजातालाब तक रिंग रोड किनारे के इलाकों का जोनल प्लान बनाया जाएगा। दोनों इलाकों में 4000-4000 वर्ग किमी क्षेत्र का चयन किया जाएगा।

## हिन्दुस्तान–दि0 05.11.2024

# दो कर्मचारियों के निधन पर वीडीए में छाया शोक

वाराणसी। वीडीए के दो कर्मचारियों के आकस्मिक निधन से सोमवार को मुख्यालय में गम का माहौल रहा। कृष्ण कुमार राव (ट्रेसर) एवं सुनील कुमार पाण्डेय (सर्वे खलासी) का दीवाली के दिन हृदयघात से निधन हो गया था।

सोमवार को वीडीए में दोनों कर्मचारियों को श्रद्धांजलि दी गई। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शोक प्रस्ताव पढ़ा।

उन्होंने दोनों कर्मचारियों के विभागीय प्रमुखों को परिवार को तत्काल दस्तावेज संबंधी कार्य पूरे करके वेतन, भत्ते समेत अन्य देय का जल्दी से जल्दी भुगतान करने का निर्देश दिया। उन्होंने वीडीए प्रशासन की ओर से भी आर्थिक मदद मुहैया कराने का दोनों के परिवारीजनों को भरोसा दिया है।



कृष्ण कुमार राव और सुनील कुमार पाण्डेय। • फाइल फोटो

## आज–दि0 05.11.2024

# शोक सभा के बाद विप्रा में अवकाश

विकास प्राधिकरण में दो कर्मचारियों के आकस्मिक निधन के कारण अवकाश कर दिया गया। इस अवसर पर मृतक की आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के नेतृत्व में एक शोक प्रस्ताव पारित करने के बाद कार्यालय का काम-काज बंद कर दिया गया। उपाध्यक्ष ने अधिष्ठान प्रभारी को मृतक कर्मचारियों के बकाया राशि का तत्काल भुगतान करने के लिए निर्देश भी दिया। शोक सभा में विप्रा के अधिकारी, कर्मचारी संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।

## न्यायाधीश–दि0 05.11.2024

### वाविप्रा के दो कर्मचारियों के आकस्मिक निधन पर शोकसभा आयोजित



वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के दो कर्मचारियों क्रमशः कृष्ण कुमार राव (ट्रेसर) एवं सुनील कुमार पाण्डेय (सर्वे खलासी) का हृदयघात होने के कारण आकस्मिक निधन हो गया।इस सन्दर्भ में प्राधिकरण कार्यालय में दोनों ही कार्मिकों के आत्मा की शांति हेतु प्राधिकरण परिसर में शोक सभा की गयी तथा मृतकों की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गयी। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समक्ष शोक प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही मृतक कर्मचारियों के समस्त पावना आदि एवं आर्थिक मदद के सम्बन्ध में उपाध्यक्ष द्वारा प्रभारी अधिकारी अधिष्ठान को निर्देशित किया गया।

## परफेक्ट मिशन–दि0 05.11.2024

### वीडीए के दो कर्मचारी की हृदयाघात से हुआ निधन, व्यक्त किया शोक संवेदना



**वाराणसी (परफेक्ट मिशन)।** वीडीए के दो कर्मचारी क्रमशः कृष्ण कुमार राव (ट्रेसर) एवं सुनील कुमार पाण्डेय (सर्वे खलासी) को हृदयाघात होने के कारण आकस्मिक निधन हो गया। इस संदर्भ में सोमवार को विकास प्राधिकरण कार्यालय में दोनों ही कार्मिकों के आत्मा की शांति हेतु प्राधिकरण परिसर में शोक सभा आयोजित कर दो मिनट मौन रहकर मृतकों की आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई।

इस मौके पर उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समक्ष शोक प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही मृतक कर्मचारियों के समस्त पावना आदि एवं आर्थिक मदद के संबंध में वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा प्रभारी अधिकारी अधिष्ठान को निर्देशित किया गया।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 05.11.2024

# वीडीए के दो कर्मचारियों का हुआ आकस्मिक निधन, दी गयी श्रद्धांजलि

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के दो कर्मचारियों क्रमशः कृष्ण कुमार राव (ट्रेसर) एवं सुनील कुमार पाण्डेय (सर्वे खलासी) को हृदयघात होने के कारण आकस्मिक निधन हो गया। इस सन्दर्भ में प्राधिकरण कार्यालय में दोनों ही कार्मिकों के आत्मा की शांति हेतु प्राधिकरण परिसर में शोक सभा की गयी तथा मृतकों की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गयी।

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समक्ष शोक प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही मृतक कर्मचारियों के समस्त पावना आदि एवं आर्थिक मदद के सम्बन्ध में उपाध्यक्ष द्वारा प्रभारी अधिकारी अधिष्ठान को निर्देशित किया गया। इस दौरान वीडीए सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा सहित सभी कर्मचारी व अफसर गण मौजूद रहे।



श्रद्धांजलि अर्पित करने के दौरान वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा सहित सभी विभागीय अफसर व कर्मचारी